# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

**E.mail : ar.affiliation@ccsuniversity.ac.in NAAC A++** **Website : www.ccsuniversity.ac.in**

पत्रांकः–सम्बद्धता /1850/2026–27

दिनांक :27.07.2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / सचिव
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

समस्त विभागाध्यक्ष / समन्वयक / निदेशक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, परिसर
मेरठ

विषयः– संस्कृत प्रतिभा खोज–2026 के अन्तर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं की सूचना विश्वविद्यालय के विभागों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों तक प्रसारित कराए जाने तथा छात्र–छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक निदेशक उत्तर–प्रदेश–संस्कृत–संस्थानम्, लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या–276 / संसं / 2026 दिनांक 14.07.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो कि संस्कृत प्रतिभा खोज–2026 के अन्तर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं की सूचना विश्वविद्यालय के विभागों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों तक प्रसारित कराए जाने तथा छात्र–छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में है।

उक्त के सम्बन्ध में आपसे अपेक्षा है कि आप निदेशक उत्तर–प्रदेश–संस्कृत–संस्थानम्, लखनऊ के पत्र में दिये गये दिशा निर्देशों के आलोक में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

27/7/26

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–
01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रभारी प्रैस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंही विश्वविद्यालय, मेरठ
03. प्रभारी विश्वविद्यालय बेवसाइटए चौधरी चरण सिंही विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलसचिव

कार्या. फोन : (0522), 2780251, 2781352
ई–मेल : upsanskritsansthanam@yahoo.com

# उत्तर–प्रदेश–संस्कृत–संस्थानम्

(भाषा विभाग, उ.प्र. शासन के नियंत्रणाधीन)
संस्कृत–भवनम्, नया हैदराबाद, लखनऊ – 226 007
वेबसाइट : www.upsanskritsansthanam.in

A579
21/7/26

R7498
21/7/26

पत्रांक 276/सं.सं/2026
दिनांक 14/07/2026

A.R. (Affiliation)
Circulate among all Colleges and Campus.
[signature] 21/7/26
Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

सेवा में,

कुलसचिव,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय
रामगढ़ी, मेरठ - 250004
उत्तर प्रदेश।

**विषयः-** संस्कृत प्रतिभा खोज–2026 के अन्तर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं की सूचना विश्वविद्यालय के विभागों एवं संबद्ध महाविद्यालयों तक प्रसारित कराए जाने तथा छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित कराने के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा कक्षा 6 से स्नातकोत्तर स्तर तक के छात्र-छात्राओं हेतु संस्कृत प्रतिभा खोज 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के अंतर्गत प्रदेश के समस्त बोर्डों एवं राज्य/निजी विश्वविद्यालयों के इच्छुक छात्र https://upsanskritpratibhakhoj.com पर निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
संस्कृत प्रतिभा खोज के अंतर्गत निम्नानुसार प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रस्तावित है:

मंडल स्तरीय प्रतियोगिताएँ

➡ सभी विद्याशाखाओं के स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए**संस्कृत सामान्य ज्ञान (युवा वर्ग)** प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।
➡ प्रतिभागी छात्रों एवं उनके साथ आने वाले अभिभावकों/शिक्षकों को नियमानुसार मार्गव्यय प्रदान किया जाएगा।
➡ प्रतियोगिता में **प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान** प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमशः ₹3000/-, ₹2000/-, ₹1000/- की पुरस्कार राशि एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएँगे।
➡ मंडल स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएँ (द्वितीय चरण) लखनऊ में**

➡ राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के लिए निम्नलिखित प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी:
**1.** संस्कृत भाषण प्रतियोगिता **2.** संस्कृत श्रुतलेखन प्रतियोगिता3. संस्कृत सामान्य ज्ञान (युवा वर्ग)
➡ प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु छात्रों के साथ आने वाले अभिभावक/शिक्षक को टिकट प्रस्तुत करने पर साधारण बस या ट्रेन शयनयान का मार्गव्यय प्रदान किया जाएगा।
➡ राज्य स्तर पर**प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा तीन सांत्वना पुरस्कार** निर्धारित हैं, जिनकी पुरस्कार राशि निम्नानुसार होगी:

- प्रथम पुरस्कार: ₹11,000/- - द्वितीय पुरस्कार: ₹7,000/-
- तृतीय पुरस्कार: ₹5,000/- - तीन सांत्वना पुरस्कार: ₹3,000/- प्रत्येक

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

- ऑनलाइन आवेदन की अवधि: 10 जुलाई 2025 से 15 अगस्त 2026 तक
- मंडल स्तरीय प्रतियोगिता: 20 सितम्बर 2026 से 30 सितम्बर 2026
- राज्यस्तरीय प्रतियोगिता: 22 नवम्बर 2026 से 24 नवम्बर 2026

प्रतियोगिताओं के समुचित संचालन हेतु जनपद संयोजकों की नियुक्ति की गई है तथा आयोजन हेतु

AFF

विद्यालय/महाविद्यालय निर्धारित किए गए हैं। प्रतियोगिता नियमावली, संयोजक का नाम, संपर्क विवरण, आयोजन स्थल आदि का विस्तृत विवरण संस्थान की वेबसाइट https://upsanskritpratibhakhoj.com पर उपलब्ध है।

अतः आपसे अनुरोध है कि संस्कृत प्रतिभा खोज–2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों, महाविद्यालयों के प्राचार्यों तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें, जिससे अधिकाधिक छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय

Digitally signed by PREMENDRA KUMAR GUPTA
Date: 22-08-2026 14:16:03

(प्रेमेन्द्र कुमार गुप्त)
निदेशक